**Fourteenth Loksabha**

**Session : 4**
**Date : 18-03-2005**

**Participants : Pathak Shri Brajesh**

>

Title: Need to establish a railway workshop in Unnao Parliamentary Constituency, U.P.

**श्री ब्रजेश पाठक (उन्नाव)** : मेरा संसदीय क्षेत्र उन्नाव एक बहुत अधिक पिछड़ा हुआ क्षेत्र है। इस क्षेत्र में विशोकर ग्रामीण अंचलों में लोग गरीबी की रेखा के नीचे जीवनयापन कर रहे हैं। इस क्षेत्र के विकास हेतु रेल मंत्रालय द्वारा प्रस्तावित एक रेल कारखाना स्थापित किए जाने की नितांत आवश्यकता है। यदि केन्द्र सरकार उन्नाव क्षेत्र में रेल कारखाना स्थापित कर देती है तो निश्चित रूप से उन्नाव संसदीय क्षेत्र का विकास सम्भव हो सकेगा।

अतः मेरा सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि उन्नाव संसदीय क्षेत्र में एक रेल कारखाना स्थापित किए जाने हेतु समुचित कदम उठाएं।